# जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में भव्यता पूर्वक मनाई साहू जगदीश सरन की 125 वीं जयंती













**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय एवं मुरादाबाद मंडल में अपनी सुव्यवस्थाओं, अध्ययन-अध्यापन, अनुशासन, शुचितापूर्ण परीक्षा, शैक्षणिक और अकादमी कार्यक्रमों की श्रृंखला से सुदूर क्षेत्रों तक अपनी चमक बिखरने वाले जगदीश सरन हिंदू पीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक, समाज कल्याण और लोकोपकार के सशक्त हस्ताक्षर स्व. साहू जगदीश सरन जी की 125 वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 10 अक्टूबर 2023 मंगलवार को आयोजित संस्थापक समारोह यज्ञ, श्रद्धा सुमन समर्पण एवं प्रतिभा सम्मान के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय मालीवाल, अध्यक्ष, प्रबंध समिति ने कहा कि यदि इस पृथ्वी तल पर कोई ऐसा देश है जो मंगलमयी पुण्यभूमि कहलाने का अधिकारी है; ऐसा देश जहां संसार के समस्त जीवों को कर्म फल भोगने के लिए आना ही है; ऐसा देश जहां ईश्वरोन्मुख प्रत्येक आत्मा का अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पहुंचना अनिवार्य है; ऐसा देश जहां मानवता ने ऋजुता उदारता दानवीरता सुचिता एवं शांति का चरम शिखर स्पर्श किया हो तथा इस सबसे आगे बढ़कर जो देश अंतर्दृष्टि एवं आध्यात्मिकता का घर हो तो वह देश भारत ही है यद्यपि विपरीत परिस्थितियों के भीषण झंझावातों ने युगों युगों तक संघर्ष के परिणाम स्वरूप जीवन को जीर्ण-शीर्ण कर डाला और कल के थप्पड़ों ने उन्हें जर्जर कर डाला तथापि आज भी समाज के अतीत की गौरव गाथाएं गाई जा रही हैं। यह जयंती समारोह ऐसा ही एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

महाविद्यालय के संस्थापक साहू जगदीश शरण के जन्म दिवस पर आयोजित इस समारोह में श्री साहू जी की दानशीलता की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ अशोक रुस्तगी, प्राचार्य,केए पीजी कॉलेज, कासगंज ने कहा कि साहू जी ने जन कल्याण के भाव से महाविद्यालय रूपी जो पौधा समाज में रोपित किया था वह आज बट वृक्ष बनकर पूरे समाज के नागरिकों को सेवारूपी शीतल छाया और औषधीय साहश्य शिक्षा प्रदान कर रहा है। आपने कहा कि ऐसे महापुरुषों द्वारा ही नवीन युग का सृजन होता है।

गिरीश चंद्र अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रबंध समिति ने इस अवसर पर कहा कि साहू साहब अमरोहा के मालवीय थे। वह अमरोहा के इतिहास पुरुष थे। यदि इस महाविद्यालय की स्थापना नहीं होती तो उस समय शायद मेरे लिए स्नातक की डिग्री प्राप्त करना मुश्किल था।

महाविद्यालय के रचनात्मक यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जिन पदाम्बुजों की कृपा मकरंद से हम सभी लाभान्वित हो रहे हैं उन महामना के प्रति हम सभी कृतज्ञ हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्प हैं। संकल्पों के आधार पर बढ़ते हुए महाविद्यालय ने विगत वर्ष लगभग 70 विश्वविद्यालय स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किये। आपने बताया महाविद्यालय द्वारा आयोजित "अंतरिक्ष सप्ताह" के कार्यक्रम के फोटो को "इसरो" द्वारा टैग किया गया यह हमारे महाविद्यालय के लिए एक गौरवशाली क्षण है। खेलकूद के माहौल को ऊंचाइयां देने के लिए विभिन्न खेल प्रतिस्पधाओं में नवीन शिक्षकों को अलग-अलग गेम प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सोप गई है जिनका वह पूर्ण निष्ठा मनोयोग और तत्परता के साथ निर्वाह कर रहे हैं। महाविद्यालय प्रांगण को हरा भरा और स्वच्छ रखने के लिए आपने विद्यार्थियों का आवाहन किया कि यदि वह "नेचर के साथ सेल्फी" ले सकते हैं तो पौधा रोपण व उसके रखरखावके लिए भी उन्हें समय समय देना चाहिए। आपने कहा कि समय की मांग है कि "विद्यार्थी पर्यावरण के पहरेदार बनें।"

## खास बात

**कालीन बेला में राष्ट्र कल्याण यज्ञ किया गया जिसके ब्रह्मा सोमेश शास्त्री रहे तथा यज्ञ के यजमान प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह, डॉक्टर अलका सिंह, राजनाथ गोयल, बाला गोयल, प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल ,योगेश अग्रवाल चंद्र, प्रोफेसर अनिल रायपुरिया, आर्य समाज के मंत्री नाथू सिंह**




मुन्ना लाल जी, उपमंत्री प्रबंध समिति ने इस अवसर पर कहा कि "परिस्थितियां प्रतिभाओं को जन्म देती है।"साहू साहब निःसंतान थे; लेकिन चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय व अनंन्य योगदान से लाखों वारिस(सुयोग्य नागरिक) पैदा कर दिए। "परहित सरस धर्म नहीं भाई" उक्ति को साहू जी ने अपने जीवन में चरितार्थ किया। इस जयंती समारोह में पूर्व का प्राचार्य डॉ पीके जैन, डॉ वंदना रानी गुप्ता,डॉ वीबी बरतरिया, श्री सुरेश विरमानी, श्री अवधेश गोयल, श्री नाथू सिंह, प्रधान आर्य समाज, श्री सिद्धार्थ अग्रवाल सहित अन्य अनेक विशिष्टजन और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के होनहार और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "चेतना" का विमोचन भी किया गया। यह पत्रिका महाविद्यालय की वर्षभर की गतिविधियों, कार्यकलापों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता का प्रतिनिधित्व करती है। राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉक्टर मनमोहन सिंह द्वारा लिखित "लीडिंग पॉलीटिकल थिंकर्स इन मॉडर्न इंडिया" नामक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

'सम्मान समारोह' विद्यार्थियों के मध्य स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण तैयार करने में सहायक होते हैं।

इस सम्मान समारोह में "श्रीदेवी जैन बॉटनी रजत पदक सम्मान" बीएससी तृतीय बर्ष की शगुन चौहान को प्रथम, सुबिया महमूद को द्वितीय, सादिया खान नियाजी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

"श्री अभिनंदन कुमार जैन स्मृति प्रतिभा पुरस्कार" विज्ञान और कला संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त मेघना गौड़ बीएससी तृतीय वर्ष, कला संकाय में रख्शंदा एमए अंग्रेजी को दिया गया। "श्री सुमित कुमार जैन स्मृति प्रतिभा पुरस्कार" संजीव कुमार बीए तृतीय वर्ष, यागिनी सारस्वत बीकॉम तृतीय वर्ष, मेघना गौड़ बीएससी तृतीय वर्ष, फिजा खान एमएसडवल्यू फाइनल, अरबाज खान एम कॉम, उपासना एमएससी जूलॉजी को प्रदान किया गया।

"डॉ हरिओम अग्रवाल (लोकतंत्र रक्षक सेनानी) स्मृति क्रीडा सम्मान" महिला संवर्ग में शिखा पंवार बीए पंचम सेमेस्टर, पुरुष संवर्ग में पुष्पेंद्र चौधरी बीए प्रथम सेमेस्टर को दिया गया।

"चौधरी चरण सिंह किसान ट्रस्ट प्रतिभा पुरस्कार" संजीव कुमार बीए तृतीय वर्ष, याग्निक सारस्वत बीकॉम तृतीय वर्ष को देने की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। जिनमें संजीव कुमार व रुशदा खानम बीकॉम तृतीय वर्ष, जैनब खान बीकॉम ऑनर्स, हादिया मुजम्मिल बीसीए तृतीय वर्ष, लाइबा अली बीबीए तृतीय वर्ष , गौरी भारद्वाज बीएससी तृतीय वर्ष होमसाइंस, अरबाज खान एमकॉम फाइनल, नीपा हिंदी उत्तरार्द्ध हिंदी, एमए उत्तरार्द्ध मनोविज्ञान से सविता और श्वेता शर्मा, फरहीन अब्बास एमए उत्तरार्द्ध अर्थशास्त्र, एमए फाइनल भूगोल, सुमित कुशवाहा एमए फाइनल पोलिटिकल साइंस, इकरा परवीन एमए फाइनल इंग्लिश, प्रदुन चौधरी एमए फाइनल सोशियोलॉजी, निर्देश देवी एमए फाइनल इतिहास,यशी बांगा एमए फाइनल गृहविज्ञान, फिजा खान एमएसडवल्यू फाइनल,वानी फारुकी एमए फाइनल ऊर्दू, प्रेरणा बंसल,एमए फाइनल शिक्षाशास्त्र को ट्राफी और सटिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण महाविद्यालय स्टॉफ पूर्ण मनोयोग और निष्ठा के साथ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन हिंदी विभाग की प्रभारी प्रो डॉ बीना रुस्तगी ने किया।

# साहू जगदीश सरन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई




**अमरोहा (विधान केसरी)।** जेएस डिग्री कालेज के संस्थापक साहू जगदीश सरन की 125 जयंती कालेज परिसर में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान कालेज प्रबंध समिति अध्यक्ष संजय मालीवाल ने कहा कि यदि इस पृथ्वी तल पर कोई ऐसा देश है जो मंगलमयी पुण्यभूमि कहलाने का अधिकारी है। ऐसा देश जहां संसार के समस्त जीवों को कर्म फल भोगने के लिए आना ही है। ऐसा देश जहां ईश्वरोन्मुख प्रत्येक आत्मा का अपना अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पहुंचना अनिवार्य है। ऐसा देश जहां मानवता ने ऋजुता उदारता दानवीरता सुचिता एवं शांति का चरम शिखर स्पर्श किया हो तथा इस सबसे आगे बढ़कर जो देश अंतर्दृष्टि एवं आध्यात्मिकता का घर हो तो वह देश भारत ही है। यद्यपि विपरीत परिस्थितियों के भीषण झंझावातों ने युगों युगों तक संघर्ष के परिणाम स्वरूप जीवन को जीर्ण-शीर्ण कर डाला और कल के थप्पड़ों ने उन्हें जर्जर कर डाला तथापि आज भी समाज के अतीत की गौरव गाथाएं गाई जा रही हैं। यह जयंती समारोह ऐसा ही एक उत्कृष्ट उदाहरण है। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जिन पदाम्बुजों की कृपा मकरंद से हम सभी लाभान्वित हो रहे हैं उन महामना के प्रति हम सभी कृतज्ञ हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्प हैं। संकल्पों के आधार पर बढ़ते हुए महाविद्यालय ने विगत वर्ष लगभग 70 विश्वविद्यालय स्तरीय, राज्य स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किये। खेलकूद के माहौल को ऊंचाइयां देने के लिए विभिन्न खेल प्रतिस्पधाओं में नवीन शिक्षकों को अलग-अलग गेम प्रभारी बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है जिनका वह पूर्ण निष्ठा मनोयोग और तत्परता के साथ निर्वाह कर रहे हैं। इस दौरान मुन्ना लाल, डॉ अशोक रुस्तगी, पूर्व प्राचार्य डॉ. पीके जैन, डॉ. वंदना रानी गुप्ता, डॉ. वीबी बरतरिया, सुरेश विरमानी, अवधेश गोयल, नत्थू सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कालेज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका चेतना का विमोचन भी किया गया।

अमर उजाला
अमरोहा युवा Youth

# वटवृक्ष के रूप में शिक्षा की छांव दे रहा जेएसएच कॉलेज : डॉ. अशोक

## कॉलेज के संस्थापक साहू जगदीश सरन की 125वीं जयंती पर हुए कार्यक्रम, पुस्तक का विमोचन भी हुआ, छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान



जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : कालेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अमरोहा। शहर के पुराने जेएसएच पीजी कॉलेज के संस्थापक साहू जगदीश सरन की 125वीं जयंती के मौके पर शिक्षाविदों ने उनको याद करते हुए कहा कि जो पौधा उनके द्वारा रोपा गया था, वह आज वटवृक्ष के रूप में लोगों को शिक्षा की छांव दे रहा है।

कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बाद में अध्यक्ष संजय मालीवाल ने कहा कि प्रबंध समिति लगातार उनके बताए मार्गों एवं आदर्शों का अनुसरण कर रही है। विशिष्ट अतिथि केए पीजी कॉलेज कासगंज के प्राचार्य प्रो. डॉ. अशोक रुस्तगी ने कहा कि जन कल्याण के भाव से महाविद्यालय रूपी जो पौधा समाज में उनके द्वारा लगाया गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर पूरे समाज को शिक्षा एवं सेवा रूपी छाया प्रदान कर रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जिनके आशीर्वाद से हम सभी लाभान्वित हो रहे हैं, उनके प्रति हम सभी कृतज्ञ हैं और उनके सपनों को साकार करने के लिए कृत संकल्प हैं।

समारोह में पूर्व मंत्री प्रबंध समिति गिरीश चंद्र अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य डॉ पीके जैन, डॉ वंदना रानी गुप्ता, डॉ वीबी बरतरिया, सुरेश बिरमानी, अवधेश गोयल आदि मौजूद रहे।

### मेधावियों का हुआ सम्मान

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका चेतना का विमोचन भी किया गया। प्राचार्य ने बताया कि पत्रिका में वर्षभर की महाविद्यालय की गतिविधियों, कार्यकलापों, शिक्षकों एवं छात्रों की सृजनात्मक क्षमता का समावेश किया गया है। राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉ. मनमोहन सिंह लिखित पुस्तक लीडिंग पॉलीटिकल थिंकर्स इन मॉडर्न इंडिया पुस्तक का विमोचन भी किया गया। अभिनंदन कुमार जैन स्मृति प्रतिभा पुरस्कार विज्ञान और कला संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त मेघना गौड़ बीएससी तृतीय वर्ष, कला संकाय में रखशंदा एमए अंग्रेजी को दिया गया।

पैंथर्स इलेवन ने ... खेल भावना से खेलें, हार जीत

## साहू जगदीश सरन की जयंती पर मेधावी सम्मानित



जेएस हिंदू डिग्री कालेज में आयोजित संस्थापक दिवस पर मेधावी को सम्मानित करते प्राचार्य वीर वीरेंद्र सिंह अन्य तिथि ● जागरण

जासं, अमरोहा : जेएस हिंदू पीजी कालेज में महाविद्यालय के संस्थापक स्व. साहू जगदीश सरन की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में संस्थापक समारोह दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान मेधावियों को सम्मानित किया गया। यहां मुख्य अतिथि व प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय मालीवाल, प्रो. डा. अशोक रुस्तगी, पूर्व मंत्री गिरीश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य प्रोफेसर डा. वीर वीरेंद्र सिंह, पूर्व प्राचार्य डा. पीके जैन, डा. वंदना रानी गुप्ता, डा. वीबी बरतरिया, सुरेश विरमानी, अवधेश गोयल, नाथू सिंह, सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रो. डा. बीना रुस्तगी आदि मौजूद रहे।

## 50 मीटर दौड़ में मोहित व सेवा ने बाजी मारी

अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कालेज का संस्थापक दिवस समारोह मनाया

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक साहू जगदीश सरन की 125वीं जयंती पर संस्थापक दिवस समारोह आयोजित किया गया। यज्ञ आयोजन के साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष संजय मालीवाल ने साहू जगदीश सरन के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की जानकारी दी।